मोर मनोरथु जानहु नीकें। बसहु सदा उर पुर सबही कें ॥1॥
सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे। रामु लखनु सुनि भय सुखारे ॥2॥

| Ram Katha 933 - मानस मनोरथ || Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 255 | इंदौर, बुधवार 27 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## प्रदेश के टाइगर रिजर्व फुल-कोर एरिया में सीटें बुक

### नहीं घूम सकेंगे टूरिस्ट, बफर जोन में घूमने का है मौका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** यदि आप होली वेकेशन पर टाइगर रिजर्व में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। मध्यप्रदेश के सभी 6 टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क में आप कोर एरिया में नहीं घूम सकेंगे। यहां सभी सीटें बुक हो गई हैं, लेकिन बफर जोन में घूमने का मौका है। बफर जोन में कई दिन के स्लॉट खाली है। ऐसे में आप ऑनलाइन बुकिंग कराकर जंगल में छुट्टी मना सकते हैं।

**कहां-कहां सीटें भरी और खाली-** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व-पार्क में जाने के लिए आप पिपरिया, जामनी देव, मल्लापुरा, पारसपानी, चूरना, मढ़ई और पानापानी गेट से एंट्री ले सकते हैं। इनमें कोर एरिया के चूरना (भीमकुंड), मल्लापुरा, मढ़ई और पचमढ़ी गेट से एंट्री कर सकते हैं। 26 से 31 मार्च के बीच फुल व्हीकल में मल्लापुरा और पचमढ़ी गेट से एंट्री पा सकते हैं। अभी कुछ सीटें खाली है। वहीं, बफर जोन में भी सीटें मिल सकती है। सिंगल सीट की बात करें तो कुछ सीट्स अवेलेवल है। यदि आप जल्दी बुकिंग करा लेते हैं, तो घूम सकते हैं। बफर जोन की कई सीटें खाली हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 55 से अधिक टाइगर हैं।

पेंच नेशनल पार्क-यहां 8 गेट के जरिए पार्क में एंट्री की जा सकती है। कोर जोन के जमतारा, करमाझिरी और तोरिया गेट से फुल व्हीकल की सभी सीटें फुल हो गई है। बफर जोन के गेट-खवासा, खुमभपानी, मसुनाला, रूखाड़ और तेलिया में एंट्री के लिए कोई दिक्कत नहीं है। यहां पर 1 से 14 सीटें तक खाली हैं।

कान्हा टाइगर रिजर्व-यहां कापा, खातिया, पेन, सीरोजा, कान्हा, किसली, मुक्की और सरही गेट से एंट्री पा सकते हैं। कोर जोन के कान्हा, किसली, मुक्की और सरही गेट से एंट्री नहीं मिल सकेगी, क्योंकि फुल व्हीकल और सिंगल सीट की बुकिंग हो चुकी है। बफर जोन में फुल व्हीकल सफारी का टूरिस्ट लुत्फ उठा सकते हैं। यहां पर अभी कई सीटें खाली हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्वः बांधवगढ़ पार्क के बफर जोन के दामोखर, जोहिला और पनपठा में अभी 26 से 31 मार्च के बीच कई स्लॉट खाली है। यहां टूरिस्ट घूम सकते हैं। वहीं, कोर एरिया खिटाऊली, मागाधी और तारा गेट से एंट्री नहीं मिल सकेगी, क्योंकि सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। सिंगल व्हीकल में भी कोर जोन के स्लॉट खाली नहीं हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 125 से अधिक टाइगर हैं।

**बुकिंग में इतना खर्च-** टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में 6 व्यक्तियों के लिए परमिट 2400 रुपए है। यानी 400 रुपए प्रति व्यक्ति।

बफर क्षेत्र के लिए वाहन सफारी चार्ज 1200 रुपए ही है। यानी 200 रुपए प्रति व्यक्ति।

**एमपी में 785 टाइगर-** पिछले साल मध्य प्रदेश को लगातार दूसरी बार टाइगर स्टेट का दर्जा मिला। 2022 की गणना में यहां 785 बाघ पाए गए। पिछली गणना 4 साल पहले 2018 में हुई थी। तब यह संख्या 526 थी। इसमें अब 259 टाइगर बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क ने मैनेजमेंट इफेक्टिवनेस इवैल्यूशन में देश के टॉप 5 टाइगर रिजर्व में जगह बनाई है।

# लोकसभा चुनाव- स्टार प्रचारक जमाएंगे चुनावी रंग

## पीएम मोदी और 7 केंद्रीय मंत्री समेत 6 राज्यों के सीएम करेंगे प्रचार, लिस्ट में पचौरी भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। होली के दूसरे दिन धुलेंडी पर जमकर लोगों ने रंग गुलाल खेला और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी, अब रंगपंचमी पर फिर माहौल दिखाई देगा। उसके बाद लोकसभा चुनावों का रंग दिखने लगेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी - अपनी तैयारी कर ली है। बीजेपी के लिए स्टार प्रचारक चुनावी रंग जमाएंगे।**

दरअसल बीजेपी ने मध्यप्रदेश के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। 40 नाम वाली इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 7 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा बीजेपी शासित 6 राज्यों के मुख्यमंत्री भी एमपी में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करते नजर आएंगे।

मध्यप्रदेश से सीएम डॉ. मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा जैसे बड़े नाम भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल हैं। वहीं प्रदेश सरकार के कई मंत्री और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को भी प्रचार का



जिम्मा सौंपा गया है। खास बात ये है कि हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को भी बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में जगह मिली है।

### प्रधानमंत्री समेत 8 केंद्रीय मंत्रियों को प्रचार का जिम्मा

बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सबसे पहला नाम प्रधानमंत्री मोदी का है। इसके अलावा 7 केंद्रीय मंत्रियों को भी मध्यप्रदेश में पार्टी के प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है। इनमें राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेंद्र कुमार खटीक, फग्गन सिंह कुलस्ते और स्मृति ईरानी शामिल हैं।

### इन 6 राज्यों के मुख्यमंत्री करेंगे बीजेपी के लिए प्रचार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत बीजेपी शासित 6 राज्यों के मुख्यमंत्री भी एमपी में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। लिस्ट में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और असम के सीएम हिमंत बिश्वा सरमा के नाम शामिल हैं।

### सीएम मोहन यादव और 9 मंत्रियों को बनाया स्टार प्रचारक

सीएम डॉ. मोहन यादव, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री राकेश सिंह, मंत्री नारायण कुशवाहा, मंत्री तुलसी सिलावट, निर्मला भूरिया और एदल सिंह कंसाना को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

### पूर्व मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों को भी जिम्मा

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा और गौरीशंकर बिसेन भी एमपी में बीजेपी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। संगठन से प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा के भी नाम हैं। एमपी के सीनियर लीडर सत्यनारायण जटिया का नाम भी लिस्ट में है।

# अक्षय कुमार की फिल्म स्पेशल 26 की तरह धोखाधड़ी

### →पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला।** फर्जी सीबाआई का अफसर बन सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर दंपती के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म स्पेशल 26 की तरह आरोपित ने पीड़त से सीबीआई में सरकारी नौकरी लगवाने का कहकर फर्जी आईडी कार्ड एंव सीबीआई का नियुक्ति पत्र बनाकर करीब डेढ़ लाख रुपए की धोखाधड़ी की। ऐसे ही फिल्म स्पेशल 26 में अक्षय कुमार फर्जी सीबीआई अफसर बनकर एक फर्जी टीम बनाते हैं जिसमें कई लोगों को असली सीबीआई बताकर अपनी टीम में शामिल करते हैं।

**ऐसे किया फ्रॉड-** पुलिस के अनुसार डोगरिया निवासी जागेन्द्र सैय्याम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बम्हनी निवासी वीरेन्द्र कुशराम अपने आप को सीबीआई अधिकारी बताकर मुझे व पत्नी को सीबीआई में सरकारी नौकरी लगवाने का कहकर फर्जी आईडी कार्ड एंव नियुक्ति पत्र सीबीआई के नाम का बनाकर अलग दिन को नकद एंव आनलाईन के माध्यम से कुल 1,68,000 रुपए लेकर धोखाधड़ी की है।

बम्हनी पुलिस टीम द्वारा आरोपित की तलास उसके निवासी स्थान पर की गई। आरोपी अपने निवास से फरार हो गया था। बम्हनी बंजर पुलिस टीम के द्वारा कर आरोपित विरेन्द्र पिता कोहलू सिंह कुशराम उम्र 35 साल बम्हनी बंजर को ग्राम चमरवाही से गिरफ्तार किया गया।

# निगम कमिश्नर ने वाटर कूलर का पानी पीकर किया चेक

## जन्म-मृत्यु पंजीयन, राजस्व सहित अन्य विभाग का निरीक्षण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन और शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ विभाग का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ विभाग भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभाग के स्टाफ से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए, कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर द्वारा विभाग के निरीक्षण के दौरान विभाग में लगे ड्रिंकिंग वाटर कूलर का पानी पीया। इसके साथ ही विभाग में आने वाले नागरिकों के लिए वेटिंग रूम की व्यवस्था करने, सुविधा घर में आइना लगाने व पर्याप्त लाईट लगाने के निर्देश दिए गए।**



कमिश्नर वर्मा ने सबसे पहले निगम मुख्यालय स्थित राजस्व विभाग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग में करदाताओं द्वारा कर जमा करने व अन्य कार्यों से आने पर नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए, पेयजल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, ग्रीष्मकाल में अनिवार्य रूप से वेटिंग क्षेत्र में पंखे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय में शौचालय की सफाई, पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो, ताकि नागरिकों को उपयोग करने में कोई कठिनाई ना हो। इसके साथ ही कमिश्नर ने राजस्व विभाग एवं जन्म-मृत्यु विवाह पंजीयन कार्यालय में जाने वाले मार्ग में दिव्यांगजनों के लिए बनाये रैम्प आसानी से दिख सके। इस के लिए रास्ते क्लियर करने और रैम्प का सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कमिश्नर द्वारा निरीक्षण के दौरान विभाग में पड़े वाटर कूलर को सफाई कराकर, पुनः चालू करने के संबंध में राजस्व विभाग अधीक्षक देवेन्द्र शर्मा और विवाह पंजीयन शाखा अधीक्षक मुकेश यादव को निर्देशित किया। साथ ही आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान बताए गए सभी कार्य आज ही पूर्ण कर लि जाए। कार्य नहीं करने की स्थिति में दोनों अधीक्षकों को शोकाज नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए।

कमिश्नर ने कहा कि घर बैठे ही नागरिकों को निगम की बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो, इसके लिए नागरिकों से ऑन लाईन इंदौर 311 एप के माध्यम से ही जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीयन के लिए आवेदन कर सकते है। इस संबंध में कमिश्नर वर्मा द्वारा नागरिकों से अपील की गई, ताकि घर बैठे ही इंदौर 311 एप के माध्यम से निगम की सुविधाएं प्राप्त की जा सके। इसके साथ ही कमिश्नर ने राजस्व एवं जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीयन विभाग के बाहर रखे वाटर कूलर को चालू करने व पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित व नागरिकों को कार्यालय में आसानी से आने-जाने के लिए जगह उपलब्ध हो, इसके लिए रास्ता क्लियर करने के भी निर्देश दिए। आने-जाने वाले रास्ते को पाइप के माध्यम से कवर करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, श्यामेन्द्र जायसवाल एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुर्वेदिक चिकित्सकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन नई दिल्ली एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में प्रादेशिक संगठन मध्य प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन एवं जिला शाखा इन्दौरके द्वारा आयुर्वेद के निजी चिकित्सकों के लिए दो दिन का प्रशिक्षण शिविर 27 एवं 28 मार्च 2024 को, मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति भवन सभागार, आर. एन. टी . मार्ग इन्दौर पर आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयुर्वेद के विद्वान चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पहले दिन 27 मार्च को आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. प्राची कवठेकर , डॉ. सतीश अग्रवाल , डॉ मनीष मुकाती एवं डा. मनोहर भंडारी , प्रोफेसर अरबिंदो इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज , इन्दोर 28 मार्च को डॉ. आशिष शर्मा एवं डॉ. संजय पाटीदार , एवं प्रोफेसर डा नीरज कानूनगो द्वारा व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। महा सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री डा. एस पांडे,प्रधानाचार्य डा.ए.पी.एस.चौहान, वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डा.सोमेंन्द्र मिश्र इदौर सम्मेलन के वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ आर.के.वाजपेयी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित होंगें। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद चिकित्सको के ज्ञान और कार्य में निपुणता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन विभिन्न प्रांतों के प्रमुख शहरों में किया जाता है। इसी तारतम्य में इन्दौर जिले के निजी चिकित्सकों के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद विद्यापीठ के उपाध्यक्ष डा विनोद बेरागी एवं सह संयोजक डॉ. लोकेश जोशी हैं । उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी डा नीरज व्यास एवं महामंत्री डा एम हनीफ खान के द्वारा दी गई ।

# फाग महोत्सव में देश- विदेश के कलाकारों ने किया रंगारंग प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं ने इस बार रंगो का महापर्व अग्रसेन महासभा के तत्वावधान में छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर देश-विदेश के ख्यातनाम कलाकारों की मौजूदगी में मनाया। सुसज्जित मंच से जब सोमवार रात को ध्वनि एवं प्रकाश के अनूठे समन्वय के बीच जैसे ही इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता क्रेजी हॉपर ग्रुप एवं नाद योग गुरुकुल जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के कलाकार मंच पर एक के बाद एक आते रहे, वैसे वैसे खचाखच भरे मैदान में जमा हजारों दर्शक कभी करतल ध्वनि से, तो कभी खड़े होकर और कभी उनके साथ अपनी जगह पर नाचते-गाते हुए खुशियां बिखरते रहे। करीब चार घंटे चले इस जलसे में शहर के अग्रवाल संगठनों के साथ ही अन्य समाजों के बंधु भी मौजूद रहे।**

अग्रसेन महासभा द्वारा फाग महोत्सव का यह आयोजन बॉलीवुड की थीम हुआ। महासभा के अध्यक्ष जगदीश गोयल बाबाश्री एवं सचिव अखिलेश गोयल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, मोहनलाल बंसल, पी. डी. अग्रवाल, सीए एस. एन. गोयल आदि ने सांसद शंकर लालवानी के साथ दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसेन के जयघोष के बीच इस रंगरारंग आयोजन का शुभारंभ किया। महासभा की ओर से कार्यक्रम के सूत्रधार एवं अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री, कैलाश नारायण बंसल, प्रमोद बिंदल, राजेश मित्तल, सुनील गुप्ता, अमित गुप्ता ने मेहमानों का स्वागत किया। विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद मृदुल अग्रवाल, समाजसेवी नारायण अग्रवाल 420 वाले सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जूनियर सलमान खान, लिटिल सिंघम, चार्ली चैपलिन आदि ने तो दर्शकों का मनोरंजन किया ही, होली पर केंद्रित फिल्मी गीतों पर धूम बैंड ने भी अपनी विशेष प्रस्तुतियों से समाजबंधुओं का भरपूर मनोरंजन किया।

# सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश में आंशिक संशोधन

**इंदौर**। इंदौर जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जारी सेक्टर अधिकारियों के आदेश में संशोधन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं समन्वयक नोडल कार्मिक प्रबंधन श्रीमती सपना लोवंधी ने पूर्व मे आंसजित 5 सेक्टर अधिकारियों को मुक्त करते हुए उनके स्थान पर नये सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री मंयक श्रीवास्तव, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की उपयंत्री श्रीमती सावित्री मुवेल, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना के उपयंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह चौहान, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रशासनिक अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, एलआईसी ऑफ इंडिया के विकास अधिकारी श्री आशीष दुबे को सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

# नि :शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर 12 से 14 अप्रैल तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राबर्ट नर्सिंग होम ओल्ड सीहोर रोड़ इंदौर में 12 से 14 अप्रैल 2024 तक निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें कटे होंठ, तालू एवं जले हुए मरीजों का ऑपरेशन एवं निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी की जायेगी। पात्र मरीजों का चयन 12 अप्रैल को प्रातः 8 से 9.30 बजे तक शिविर में किया जायेगा।

# जीएसआईटीएस के स्टूडेंट निकले उन्नत भारत अभियान पर

## 900 स्टूडेंट 105 गांवों में ग्रामीणों के बीच रहकर समझेंगे उनकी परेशानियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उन्नत भारत अभियान के तहत जीएसआईटीएस द्वारा चलो गांव की ओर प्रोग्राम की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत 900 बच्चे 105 गांवों में जाकर ग्रामीणों के बीच रहकर न सिर्फ उनकी परेशानियों को समझेंगे, बल्कि उसके समाधान के लिए प्रौद्योगिकी भी तैयार करेंगे। 26 मार्च को जीएसआईटीएस के 110 स्टूडेंट के समूह कृषि, स्वास्थ्य, बैंकिंग और रोजगार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न गांवों में जानकारी जुटाने के लिए निकले हैं।**

इस प्रोग्राम के कोआर्डिनेटर और डिपार्टमेंट आफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णकांत धाकड़ ने बताया कि चलो गांव की ओर अभियान के तहत सभी विद्यार्थी 26 मार्च की सुबह अपने समूह के साथ गांवों की ओर प्रस्थान किया है। इस प्रोग्राम के लिए 110 समूह बनाए गए हैं, प्रत्येक ग्रुप में लगभग आठ विद्यार्थी रखे गए हैं। इसमें कुछ विद्यार्थी इंदौर में गरीब बस्तियों में जाकर वहां की समस्या खोजेंगे और उसके लिए प्रौद्योगिकी तैयार करेंगे। इस प्रोग्राम के तहत सभी छात्रों को 31 मार्च को वापस कालेज परिसर में पहुंचना होगा। इसके बाद सभी संस्थान में अपनी यात्रा का एक वीडियो और विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके बाद कालेज के निदेशक व प्रोफेसर गांवों को चिह्नित करके गांव में दोबारा विजिट करेंगे। साथ ही वहां की मूल समस्याओं को दूर करने के लिए जीएसआईटीएस संस्थान में तकनीक तैयार करेंगे।

### रोजगार बढ़ेगा, पलायन थमेगा

इस प्रोग्राम के जरिए छात्र आंत्रेप्रेन्योरशिप की तरफ कदम बढ़ाएंगे। छात्र अपनी तकनीक के लिए गांवों में सरकार की मदद से इंडस्ट्री भी शुरू कर सकेंगे, जहां वे ग्रामीणों को रोजगार भी प्रदान कर सकेंगे। इससे ग्रामीणों का पलायन भी रोका जा सकेगा। फिलहाल इस प्रोग्राम के लिए बच्चों की सूची तैयार की जा रही है। इसके बाद उन्हें ग्रुप में बांटा जाएगा, जिसमें एक छात्रा को भी अनिवार्य रूप से रखा जाएगा। ताकि वे गांवों में महिलाओं और लड़कियों की समस्याओं को समझ सकें।

# पाइप लाइन डालने में लापरवाही पर कमिश्नर नाराज

**कंपनी को दिए 24 घंटे में अस्थायी और 7 दिन में स्थायी रेस्टोरेशन के निर्देश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर ने एलएंडटी कंपनी को पाइप लाइन डालने के बाद रेस्टोरेशन का काम ठीक से नहीं होने पर नाराजगी जताई है। साथ ही रेस्टोरेशन 24 घंटे में अस्थायी तौर पर और 7 दिन में स्थायी रूप से करने के लिए निर्देशित किया है।**



नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा द्वारा आज मूसाखेडी स्थित पीएचई विभाग और स्काडा सेंटर का निरीक्षण करते हुए, जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली गई। कमिश्नर ने सेंटर का निरीक्षण किया।

जलूद से किस प्रकार से शहर में पानी लाया जाता है और किस प्रकार से शहर में जलप्रदाय किया जाता है, कितनी मात्रा व कितनी पेयजल टंकियो में जलप्रदाय किया जाता है, इस संबंध मे संपूर्ण जानकारी ली गई। साथ ही स्काडा के माध्यम से पेयजल टंकियां भरने व जलप्रदाय के संबंध में संपूर्ण जानकारी ली गई। इसके साथ ही शहर में टैंकर भरने के लिए कितने हायडेंड है, उनकी मॉनिटरिंग किस प्रकार से की जाती है के संबंध में भी जानकारी ली गई।

कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा जलूद में फेस 1, 2 एवं 3 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और कितना पानी शहर में प्राप्त हो रहा है, इसके अतिरिक्त यशवंत सागर के माध्यम से शहर को कितना पानी मिल रहा है। किस प्रकार जलप्रदाय किया जाता है इसके संबंध में जानकारी दी गई।

कमिश्नर द्वारा जलप्रदाय लाईन डालते समय एलएंडटी कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए कि जहां पर कार्य करें उसका रेस्टोरेशन 24 घंटे में अस्थाई रूप से व 7 दिन में स्थाई रूप से करना सुनिश्चित करें। रेस्टोरेशन का कार्य करते समय यह ध्यान रखे कि वह कार्य मोटरेवल हो। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा जानकारी देने पर कमिश्नर ने कहा कि आप शहर में हो, मैं भी शहर में भ्रमण करता हूं। कई जगह रेस्टोरेशन का कार्य ठीक नहीं पाया गया है, इसके लिए नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जहां पर रेस्टोरेशन का कार्य करे वह स्थान मोटरेवल हो, इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

कमिश्नर ने मूसाखेडी स्थित विभाग के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्रीवास्तव को शहर में जलप्रदाय की क्वालिटी को रेंडमली चेक करने व मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जलप्रदाय के दौरान गंदे पानी की शिकायतों का रजिस्टर साथ रखे, किन-किन स्थानों पर किन-किन शिकायतों का निराकरण किया गया है, उसकी प्रतिदिन की जानकारी ले और जिन स्थानों पर गंदे पानी की शिकायत का निराकरण किया गया है, उन शिकायकतार्ओं से फोन लगाकर रेंडमली चेक करें कि उनके द्वारा कि गई शिकायतों का संतोषजनक रूप से निराकरण हुआ है या नहीं।

## विजयवर्गीय ने किया सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सामाजिक समरसता, जनचेतना व जनजागरण के क्षेत्र में अहम कार्य करने हेतु व सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अहम कार्य करने हेतु संस्था 'आदित्य'के सचिन नीमा का सम्मान मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महावीर बाग में आयोजित फ़ाग महोत्सव व सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र व केशरिया दुपट्टा पहनाकर किया। सचिन नीमा ने बताया की उनकी संस्था द्वारा समय समय पर सामाजिक जनचेतना के कार्य किये जाते हैं व समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है।सामाजिक कार्यों के कारण ही श्री विजयवर्गीय ने उनको सम्मानित किया। इस दौरान सुरेश वर्मा, उमेश पांडे, पवन लासुरकर, रूपेश वर्मा, संजय सैनी आदि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जगह-जगह कार्यक्रम

**विद्यार्थियों को मतदान करने की दिलाई शपथ**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव से लेकर शहर तक लगातार जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी के तहत जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर स्थित शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में जागरूकता अभियान के तहत अनेक नवाचार भी किये जा रहे है। जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार युवा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर शैक्षणिक संस्थानों में भी अभियान चलाया जा रहा है। इन्ही निदेर्शों के परिपालन में भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत आज आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में विधार्थियो को मतदान का महत्व बताया गया तथा आगामी लोकसभा निर्वाचन में विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस मतदान जागरूकता अभियान में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी के सनसे, डॉ. अर्चनाजैन, डॉ. स्नेहलता व्यास, डॉ. रेखा वर्मा, डॉ. मनीषा दंडवते, कैप्टन डॉ. कृष्णा भूरिया, डॉ. शैलेंद्र पिपरिया, मुख्य लिपिक श्री हेमंत जादम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. संजय सोहनी ने किया।

**आबकारी विभाग की बडी कार्यवाहियां**

# 2 दिनों में 85 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों को जेल भेजा गया, एक हजार लीटर से अधिक मदिरा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर इंदौर आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मदिरा और अन्य मादक पदार्थों के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भंडारण और परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। होली के मद्देनजर ड्राय-डे होने पर आबकारी विभाग द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गई। 3 महत्वपूर्ण प्रकरण सहित 2 दिनों में 85 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों को जेल भेजा गया।**



सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि होली के अवसर पर 25 मार्च को ड्राई डे घोषित होने से मदिरा के अवैध व्यापार की आशंका को देखते हुए कंट्रोल रूम प्रभारी श्री आर.एच. पचौरी के नेतृत्व में आबकारी की टीमों को विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए थे । गत 24 और 25 मार्च को जिले में कुल 85 छापे मारे गए। जिसमे 1075 लीटर मदिरा और 3488 किग्रा महुआ लहान जप्त किया गया। जप्त समस्त सामग्री की कीमत 6 लाख 75 हजार रुपए है । आबकारी अधिनियम के तहत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। पंजीबद्ध महत्वपूर्ण प्रकरणों के तहत मुखबिर से सूचना मिलने पर आबकारी वृत्त बाल्दा कालोनी की उपनिरीक्षक मीरा सिंह ने छोटा बांगडदा क्षेत्र में 138 पटेल नगर कॉलोनी निवासी आशीष सोलंकी पिता सत्यनारायण के रिहायशी मकान में दबिश दी। तलाशी लेने पर मकान के भीतर से 12 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा , कुल 108 बल्क लीटर शराब मौके पर बरामद हुई। जप्?त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 80 हजार रुपए है। तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर मदिरा को कब्जे में लिया गया। आरोपी आशीष सोलंकी द्वारा पूछताछ में बताया गया कि आरोपी चेतन पुरी उर्फ चिंटू गोस्वामी पिता प्रकाश पुरी गोस्वामी निवासी मकान नंबर 47 पटेल नगर का पूरा माल हमारे घर में रखा हुआ था ,उसी के साथ मिलकर सहयोगी की भूमिका में पूरा कारोबार करता हूं,जिस पर मौके पर मेमो में दिए गए अनुसार जांच करने पर आरोपी चेतन पुरी घर से फरार हो गया,बाद तलाशी लेने पर उसके घर से कुछ मदिरा प्राप्त हुई। फरार आरोपी की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तरह बताया गया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी गिरीश पिता आनंद गोयल निवासी केशव विहार इंदौर के रिहायशी मकान पर छापा मारकर 08 पेटी देशी मदिरा मसाला के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा की कीमत 36 हजार रुपए है । प्रकरण में विवेचना जारी है।

इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में सुमित मुरझानी पिता अनिल मुरझानी नालंदा परिसर केशर बाग रोड के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। यहां से 20 नग रॉयल स्टेज बैरल व्हिस्की, 06 अद्दे 8पीएम व्हिस्की, 3 बोतल मैजिक मोमेंट रीमिक्स,18 नग हंटर बियर कैन,18 नग बोल्ट बियर के जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग द्वारा लगातार रात्रि गश्त, बारों पर सघन निगरानी, रोड चेकिंग कर अवैध मदिरा के विरुद्ध तथा नियमो का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## फाग महोत्सव में राधा-कृष्ण नृत्य की धूम

**इंदौर**। श्री अग्रवाल मैत्री संघ परिवार विजय नगर का रंगारंग फाग महोत्सव रिदम ग्रुप के कलाकारों के साथ सौल्लास संपन्न हुआ। ग्रुप के प्रकाश चौहान एवं साथियों ने अपने राधा-कृष्ण नृत्य की ऐसी ताल छेड़ी कि हर कोई झूम उठा। अध्यक्ष पवन गर्ग एवं सचिव नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष राजेश बंसल, पूर्व अध्यक्ष किशोर गोयल ने ग्रुप के पूर्व अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर उत्सव का शुभारंभ किया। सदस्यों को तंबोला भी खिलाया गया। अंत में संदीप गोयल ने आभार माना।बड़ी संख्या में विजयनगर क्षेत्र के अग्र बंधु उपस्थित थे।

## सुगंधित गुलाल एवं फूलों से खेली होली, पानी की बचत एवं जीव दया के लिए संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री फतेहपुरिया समाज का परंपरागत फाग महोत्सव मल्हारगंज थाने के पास स्थित समाज भवन पर केसरिया बालम ग्रुप के कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों, राधा-कृष्ण के फाग गीतों तथा फूलों की होली के बीच पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक देवकीनंदन सिंघानिया एवं मुरारी पालड़ीवाला ने बताया कि समाज के अध्यक्ष कैलाश बिदासरिया, मंत्री धीरज गर्ग, सज्जन कुमार गर्ग, नंदकिशोर कंदोई, वासु टिबड़ेवाल, सतीश चौधरी आदि ने पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता सहित वरिष्ठजनों एवं अन्य मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में केवल सुगंधित गुलाल एवं फूलों से होली खेली गई और सभी सदस्यों ने ग्रीष्मकाल में पानी की बूंद- बूंद की बचत करने और मुख परिंदों के लिए अपने घर एवं आसपास की छतों पर दाना-पानी एवं सकोरे रखने का भी संकल्प व्यक्त किया।

# छिंदवाड़ा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, नकुल ने भरा पर्चा

## सिंघार ने सिंधिया को कहा गद्दार, सीधी से कमलेश्वर, बालाघाट से सम्राट ने किया नामांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा/भोपाल।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को कांग्रेस के 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें छिंदवाड़ा से नकुलनाथ, बालाघाट से सम्राट सिंह सारस्वत, सीधी से कमलेश्वर पटेल और मंडला से ओमकार सिंह मरकाम शामिल हैं। मरकाम कल फिर पार्टी नेताओं के साथ जाकर पर्चा दाखिल करेंगे। इसी तरह शहडोल से कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल मार्को और जबलपुर से दिनेश यादव भी नामांकन दाखिल करेंगे। पहले चरण के नामांकन फॉर्म जमा करने का बुधवार अंतिम दिन है। 3 बजे तक नामांकन भरे जा सकेंगे।



### नकुल के नामांकन के बहाने कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

छिंदवाड़ा में नकुलनाथ के नामांकन के बहाने कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। नामांकन रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए। इससे पहले नकुलनाथ ने शिकारपुर के हनुमान मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ पूर्व सीएम कमलनाथ, मां अलकानाथ और पत्नी प्रियानाथ भी मौजूद रहीं। दर्शन के बाद वे रैली निकालकर नामांकन भरने पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद सभा भी हुईं।

नकुलनाथ ने कहा कि ह्ननाथ परिवार और छिंदवाड़ा के लोगों का राजनीतिक नहीं, पारिवारिक संबंध है। जब भाजपा की सरकार हमें ताली और थाली बजाने का काम दे रही थी, तब छिंदवाड़ा पूरे मध्यप्रदेश और देश में एक ऐसा जिला था, जहां ऑक्सीजन सिलेंडर और इंजेक्शन की कमी नहीं थी।

### नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले- मुझे 50 करोड़, मंत्री पद का ऑफर दिया

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा- ह्नअब वे नेता नहीं, अब तो सिंधिया गद्दार हो गए हैं। जब मैंने सिंधिया से बात की- आप क्या चाहते हो? बोले- मैं लोकसभा चुनाव हार गया, मेरे से 27 नंबर की कोठी छीन ली जाएगी, मैं कहां रहूंगा? सिंघार ने कहा, एक कोठी के कारण आपने कांग्रेस को धोखा दे दिया। झांसी के लोग ग्वालियर के महाराज को आज भी गद्दार कहते हैं। मुझे भी खरीदने की कोशिश की गई, 50 करोड़ और मंत्री पद का ऑफर आया, लेकिन मैं सच्चा आदिवासी हूं, कांग्रेस को नहीं छोड़ा। उधर, सीधी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने मंगलवार को नामांकन जमा किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह भी उनके साथ मौजूद थे। नामांकन के बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रिज कर दिया गया है, ताकि वह उन पैसों का उपयोग न करें। हम बिना पैसों के चुनाव लड़ रहे हैं और जीतेंगे।

### बालाघाट में सम्राट सिंह ने भरा नामांकन फॉर्म

बालाघाट में कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने अपना नामांकन जमा कर दिया। मुहूर्त के इस नामांकन के दौरान पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना लिल्हारे, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी, अनूपसिंह बैस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तबरेज खान, भीम फुलसुंघे, जुगल शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# मार्च में चौथी बार बदलेगा मौसम

## 29 मार्च को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा, बूंदाबांदी-बादल छाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मार्च में चौथी बार मध्यप्रदेश का मौसम बदलेगा। 29 मार्च को एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि बादल भी छा सकते हैं। इससे पहले तेज गर्मी का असर रहेगा। अब तक के ट्रेंड के अनुसार, कई शहरों में पारा 40 डिग्री के पार भी पहुंच सकता है।

मार्च महीने में तेज गर्मी, बारिश और ओले का ट्रेंड रहता है। इस बार ऐसा मौसम रह चुका है। अब तक 3 बार मौसम बदला है। जिसमें से दो बार आधे प्रदेश में जमकर ओले गिरे और बारिश भी हुई। मार्च के आखिरी सप्ताह में भी बादल छाने और बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से बारिश-बादल का मौसम बनेगा। इससे पहले प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा हुआ है। दिन में पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि रात में 22 डिग्री के पार है। सोमवार को भी प्रदेश के दमोह और रतलाम सबसे गर्म रहे। यहां तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच गया। पचमढ़ी में सबसे कम 31.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

**बारिश के साथ हुई जनवरी-फरवरी की विदाई-** फरवरी की तरह मार्च की विदाई भी बादल और बूंदाबांदी जैसे मौसम से होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते भी 2 वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर हो सकते हैं। इसी कारण मौसम बदलने के आसार हैं। 29 या 30 मार्च को बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना है। ऐसा हुआ तो यह लगातार तीसरा महीना रहेगा, जिसकी विदाई बदले हुए मौसम से होगी। जनवरी में भी यही स्थिति बनी थी।

**दमोह-रतलाम सबसे गर्म, पचमढ़ी में 31 डिग्री पार-** ओले-बारिश का दौर थमने के बाद से ही प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा हुआ है। सोमवार को भी प्रदेश के दमोह और रतलाम सबसे गर्म रहे। यहां दिन का टेम्प्रेचर 39 डिग्री के पार रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 31.8 डिग्री दर्ज किया गया।

सागर में 38.2 डिग्री और नर्मदापुरम में तापमान 38.9 डिग्री दर्ज रहा।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.5 डिग्री, जबलपुर में 37.4 डिग्री, उज्जैन में 37.2 डिग्री, इंदौर में 36.5 डिग्री और ग्वालियर में पारा 34.6 डिग्री दर्ज किया गया। टीकमगढ़, नौगांव, गुना, रायसेन, खजुराहो, सिवनी, खंडवा, बैतूल, मंडला, धार और खरगोन में तापमान 37 डिग्री से अधिक रहा।

# भोपाल में 3 बेटियों के साथ मां ने लगाई फांसी

## भाई बोला- बेटा नहीं होने के कारण प्रताड़ित करते थे ससुराल वाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में मां ने 3 बेटियों को फांसी पर लटकाने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला और 2 बेटियों की मौत हो गई। ढाई साल की एक बेटी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के भाई ने बेटे को जन्म नहीं देने के कारण प्रताडऩा के आरोप ससुराल वालों पर लगाए हैं। हालांकि, शुरूआती जानकारी मर्डर की आई थी।**

घटना भोपाल से 35 किमी दूर गुनगा थाना क्षेत्र के रोडिया गांव की है। मामला मंगलवार दोपहर को सामने आया। तीनों के शव हमीदिया अस्पताल भेजे गए हैं। महिला का नाम संगीता यादव उम्र 28 साल, बेटी आराध्या 5 साल और श्रृष्टि ढाई साल की है।



गुनगा थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि रायसेन जिले के संग्रामपुर निवासी संगीता की शादी 2018 में भोपाल के रोडिया गांव निवासी रजत यादव से हुई थी। शुरूआती जांच में महिला द्वारा सुसाइड और इससे पहले 3 बच्चियों की हत्या किए जाने के संकेत घटनास्थल की जांच के दौरान मिले हैं। महिला ने बेटियों को फांसी पर लटकाने के बाद सुसाइड किया है। इससे पहले उसने पांच मैसेज ननद मोना को भेजे हैं। पहला मैसेज सोमवार रात 12.24 पर और बाकी के चार 12.55 पर भेजा है। इसके बाद यही मैसेज अपने भाई नीरज को भेजे हैं।

### सुसाइड नोट पर असमंजस

परिजन ने आरोप लगाया है कि संगीता जब फांसी के फंदे पर लटकी मिली तब उसकी पीठ पर एक लेटर चिपका था। ये सुसाइड नोट था, जिसमें उसने लिखा है- उसके पेट में एक गठान है। इस वजह से अब आगे बच्चे नहीं पैदा कर सकती। परिवार वालों को पुत्र नहीं दे सकती, इसलिए मैं ऐसा करने जा रही हूं। हालांकि, कुछ अन्य परिजन का कहना है कि कोई लेटर नहीं मिला है। वहीं, पुलिसकर्मियों की मानें तो घटनास्थल से एक लेटर बरामद हुआ है।

# आरजीपीवी में 19.48 करोड़ के घोटाले की जांच रिपोर्ट

## रजिस्ट्रार ने दलित संघ और कुमार मयंक के अकाउंट को नोटशीट में यूनिवर्सिटी का अकाउंट बताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अकाउंट से 19.48 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने नोटशीट में गलत तथ्यों को लिखा गया था। दलित संघ सोहागपुर और कुमार मयंक के प्राइवेट अकाउंट को नोटशीट में आरजीपीवी का अकाउंट बताया गया था। इसकी नोटशीट यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत ने तैयार कराई थी। यह खुलासा यूनिवर्सिटी में हुए 19.48 करोड़ रुपए की गड़बड़ी मामले की जांच रिपोर्ट में हुआ है।

जांच रिपोर्ट के मुताबिक यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत और फायनेंस कंट्रोलर ऋषिकेश वर्मा ने 1.99 करोड़ और 8.01 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग चेक वित्त शाखा से बनवाए थे। यह चेक यूनिवर्सिटी की फायनेंस कंट्रोलर ऋषिकेश वर्मा ने फायनेंस शाखा के क्लर्क संजय कद्रे से बनवाए थे। दोनों चेक पर रजिस्ट्रार राजपूत और फायनेंस कंट्रोलर वर्मा ने साइन किए थे।

साथ ही प्राइवेट खाते में 1.99 करोड़ और 8.01 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाने के चेक और नोटशीट रजिस्ट्रार राजपूत और वर्मा ने अपने पास रख लिए थे। इसके लिए रजिस्ट्रार राजपूत ने कुमार मयंक के एक्सिस बैंक भोपाल के अकाउंट को नोटशीट में यूनिवर्सिटी अकाउंट लिखवाया था। जिससे वित्तीय गड़बड़ी को ऑडिट के दौरान ऑडिटर जांच कर पकड़ न सकें।

Bihar

# पटना से मुंबई जा रही होली स्पेशल ट्रेन में आग, एसी बोगी जलकर खाक, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**आरा, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना से मुंबई जा रही होली स्पेशल ट्रेन में सोमवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक होली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच में अचानक आग लग गई। यह हादसा आरा-बक्सर रेलखंड के कारीसाथ बिहिया स्टेशन के बीच हुआ। आग लगने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे की वजह से अप और डाउन दोनों लाइन पर ट्रेनों का परिचालन लगभग 5 घंटे तक प्रभावित रहा। इस कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट बदला गया।



होली स्पेशल ट्रेन में आग लगने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में यात्रियों की ज्यादा भीड़ नहीं थी, इस वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलने पर थाना डीआरएम जयंत चौधरी, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी सहित कई रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेलवे ने आरा-बक्सर रूट से चलने वालीं ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया। विभूति एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का रूट बदला गया। तेजस और राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ।हालांकि, मंगलवार अलसुबह ट्रेनों का परिचालन सुचारू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन तय समय से पांच घंटे लेट चल रही थी। पूर्व मध्य रेलवे के मुताबिक दानापुर से यह ट्रेन सोमवार रात 11 बजकर 6 मिनट पर खुली थी। इसके बाद आरा से यह 11 बजकर 58 मिनट पर रवाना हुई थी। इसके बाद रास्ते में आग लग गई।

Maharashtra

# हनीमून पर पत्नी को बोला सेकंड हैंड, हाईकोर्ट ने भी फटकारा

## देना होगा 3 करोड़ का मुआवजा

**मुंबई, (एजेंसी)** पत्नी के साथ मारपीट के आरोपी शख्स को अब करोड़ों रुपये मुआवजा और 1 लाख रुपये से ज्यादा गुजारा भत्ता देना पड़ेगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा से जुड़े मामले में आरोपी को राहत नहीं दी और ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट का कहना है कि यह राशि सिर्फ शारीरिक चोटों के लिए नहीं, बल्कि मानसिक यातना और भावनात्मक परेशानियों के लिए दी गई है।

कपल ने जनवरी 1994 में शादी की थी और अमेरिका में बस गए थे। खबर है कि दोनों ने वहा भी शादी समारोह का आयोजन किया था। साल 2005 में जोड़ा भारत लौट आया और दोनों के मालिकाना हक वाले घर में रहने लगा। साल 2008 में महिला अपनी मां के घर पर रहने लगी और पुरुष साल 2014 में अमेरिका लौट गया।

जुलाई 2017 में महिला ने पति के खिलाफ DVA के प्रावधानों के तहत मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के कोर्ट में केस दर्ज कराया। महिला का आरोप है कि पुरानी सगाई टूटने को लेकर हनीमून के दौरान पति ने उसे सैकेंड हैंड कहा था। महिला के आरोप हैं कि अमेरिका में भी उसके साथ चरित्र पर शक किया गया था और अन्य पुरुषों के साथ नाजायज संबंधों के आरोप लगाए जाते थे। महिला ने आरोप लगाए हैं कि जब तक वह आरोपों को स्वीकार नहीं कर लेती थी, तब तक उसके साथ मारपीट की जाती थी।

निचली अदालत ने जनवरी 2023 में आदेश जारी किया, जिसमें कहा कि महिला पति के हाथों घरेलू हिंसा का शिकार हुआ। साथ ही पति को 3 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के भी आदेश दिए गए। अदालत ने पति को आदेश दिए कि पत्नी के दादर इलाके में कम से कम 1 हजार सक्वायर फीट कार्पेट एरिया का घर दिलाए या घर के किराए के लिए 75 हजार रुपये दे।

Maharashtra

# कांग्रेस की दावेदारी वाली कई सीटों पर उद्धव गुट ने घोषित किया उम्मीदवार, महाविकास अघाड़ी में भी दरार

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) ने बुधवार को 16 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया. घोषित सीटों में कई सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारना चाहती थी, लेकिन इन पर उद्धव की शिवसेना ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है. जिनमें सांगली और मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट है. उद्धव ठाकरे UBT ने मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट से अनिल देसाई के नाम की घोषणा की है. कांग्रेस इस सीट से वर्षा गायकवाड़ को चाहती थी. संजय राउत ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है. पार्टी ने बुलढाणा से नरेंद्र खेडेकर, यवतमाळ-वाशिम से संजय देशमुख, मावळ से संजोग वाघेरे पाटील, सांगली से चंद्रहार पाटील, हिंगोली से नागेश पाटील आष्टीकर, संभाजीनगर से चंद्रकांत खैरे, धारशीव से ओमराजे निंबाळकर, शिर्डी से भाऊसाहेब वाघचौरे, नाशिक से राजाभाऊ वाजे, रायगड से अनंत गीते, सिंधुदुर्ग रत्नागिरी से विनायक राऊत, ठाणे से राजन विचारे, मुंबई ईशान्य से संजय दिना पाटील, मुंबई दक्षिण से अरविंद सावंत, मुंबई वायव्य से अमोल कीर्तिकर और परभणी सीट से संजय जाधव को टिकट दिया है.

New Delhi

# बटर चिकन और दाल मखनी की रेसिपी किसकी? मोतीमहल और दरियागंज के बीच बढ़ा विवाद, हाई कोर्ट ने दिया ये आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के दो फेमस रेस्तरां चेन के बीच इन दिनों 'बटर चिकन' और 'दाल मखनी' रेसिपी को लेकर जंग छिड़ी हुई है. मोतीमहल का दावा है कि ये उसकी खोज है, जबकि दरियागंज अपना हक जता रहा है. मामला इतना बढ़ गया कि अब दिल्ली हाई कोर्ट ने इस पर नया आदेश जारी किया है.

ताजा मामला मोतीमहल के मालिकों द्वारा इंटरव्यू दिए जाने का है, जिसको लेकर दरियागंज रेस्तरां की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया गया है. दरियागंज की ओर से दावा किया गया है कि इंटरव्यू के दौरान उसको लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई हैं. इसको लेकर मोतीमहल की ओर से अदालत में कहा गया है कि सवाल एक 'संपादकीय परिप्रेक्ष्य' में थे और उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है. जस्टिस संजीव नरूला ने मोती महल के मालिकों को निर्देश दिया कि वह एक हलफनामा दाखिल करें, जिसमें प्रकाशित लेखों में कथति बयान से खुद को अलग करने के उनके प्रयास की पुष्टि की गई हो. दरियागंज ने कोर्ट में दाखिल अपनी अर्जी में लेख में अपमानजनक बयानों के बारे में चिंता जताई थी, जो पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित हुआ और फिर अन्य वेबसाइटों पर पब्लिश हुआ. दरियागंज ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि लेख में प्रकाशित टिप्पणी से उनके रेस्तरां चेन की प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. इसके साथ ही याचिका में आरोप लगाया गया है कि बयानों ने न केवल कारोबार को अपमानित किया बल्कि मुकदमे पर निष्पक्ष निर्णय को भी पूर्वाग्रहित किया.

खेल

# चेन्नई ने गुजरात को 63 रन से हराया, ऋतुराज की अगुआई में टीम अंक तालिका में शीर्ष पर

**चेन्नई, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 के सातवें मैच में डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स का सामना गुजरात टाइटंस से था। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 206 रन बनाए, लेकिन गुजरात की टीम 143 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के सातवें मैच में गुजरात टाइटंस को 63 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 206 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 143 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में चेन्नई की टीम अंक तालिका में चार अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। सीएसके का अगला मैच 31 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स से विशाखापत्तनम में है। वहीं, गुजरात का अगला मैच 31 मार्च को ही सनराइजर्स हैदराबाद से अहमदाबाद में है।



इस मुकाबले में गुजरात टीम के कप्तान शुभमन गिल के पास IPL 2023 में मिली हार का बदला लेना का अच्छा मौका था, लेकिन बदकिस्मती से वो ऐसा नहीं कर सके. बता दें कि आईपीएल 2023 के फाइनल में चेन्नई टीम ने गुजरात को 5 विकेट से हराकर ही खिताब जीता था. उसके बाद अब दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं.

**गुजरात के लिए कोई बल्लेबाज छाप नहीं छोड़ सका-** इस मुकाबले में चेन्नई टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रनों का टारगेट सेट किया था. इसके जवाब में गुजरात की टीम 8 विकेट गंवाकर 143 रन ही बना सकी और मुकाबला गंवा दिया. गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए. जबकि ऋद्धिमान साहा और डेविड मिलर 21-21 रन बनाकर आउट हुए. गुजरात का कोई भी बल्लेबाज अपनी छाप नहीं छोड़ सका और टीम ने मुकाबला गंवा दिया. चेन्नई टीम के लिए दीपक चाहर, मुस्ताफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने 2-2 विकेट झटके. जबकि मथीशा पथिराना और डेरेल मिचेल ने 1-1 विकेट लिया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई टीम ने 6 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. टीम के लिए शिवम दुबे ने 23 गेंदों पर सबसे ज्यादा 51 रन जड़े. इस दौरान उन्होंने 5 छक्के और 2 चौके जमाए. उनके अलावा रचिन रवींद्र 20 गेंदों पर 46 रन बनाकर राशिद खान की बॉल पर स्टम्पिंग आउट हुए. जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 46 रन बनाकर स्पेंसर जॉनसन की बॉल पर कैच आउट हुए. दूसरी ओर गुजरात टीम के लिए स्पिनर राशिद खान ने 2 विकेट झटके. साई किशोर, मोहित शर्मा और स्पेंसर जॉनसन को 1-1 सफलता मिली.

सिनेमा

# बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी हुक्का बार में पकड़े गए, रेड के बाद उठा ले गई मुंबई पुलिस



बिग बॉस 17 विनर मुनव्वर फारूकी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. मंगलवार देर रात मुंबई पुलिस की एसएस ब्रांच (सोशल सर्विस ब्रांच) ने एक हुक्का बार में रेड मारी. जहां उन्होंने स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी समेत 14 लोगों को हिरासत में लिया था. सभी आरोपियों पर कोटपा के तहत मामला दर्ज किया गया है. हालांकि, पुलिस ने 41 A का नोटिस देकर फारूकी को जाने दिया है. जानते हैं कि पूरा मामला क्या है.

बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव के बाद बिग बॉस 17 विनर मुनव्वर फारूकी विवादों में आ गए हैं. जानकारी के मुताबिक, सोशल सर्विस ब्रांच ने बीती रात मुंबई के फोर्ट इलाके में स्तिथ सबालन हुक्का पार्लर में रेड के दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लिया. इन लोगों में से एक मुनव्वर भी थे.

पुलिस को जानकारी मिली थी कि पार्लर में तंबाकू प्रोडक्ट्स के साथ निकोटिन का उपयोग हुक्का पार्लर में किया रहा है. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. वहीं अगर तंबाकू प्रोडक्ट्स पाए जाते हैं, तो पुलिस द्वारा सिगरेट एंड टोबैको एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है. हालांकि, मुनव्वर फारूकी को नोटिस देकर रात में ही घर जाने दिया गया. मामले में अब तक मुनव्वर की तरफ से ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है.

## संपादकीय

# आतंकवाद अब भी दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती

मास्को में हुए आतंकी हमले से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तमाम दावों और उपायों के बावजूद आतंकवाद दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। दरअसल, आतंकियों ने रूस की राजधानी में हमला कर अपनी मौजूदगी जाहिर की है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात मास्को के क्राकस सिटी हाल में एक समारोह की शुरुआत के ठीक पहले कुछ आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम एक सौ पंद्रह लोगों की जान चली गई और भारी संख्या में लोग घायल हो गए। मरने वालों में कई बच्चे भी हैं। अभी यूक्रेन और रूस के बीच पिछले करीब दो वर्ष से युद्ध चल रहा है, इसलिए एक स्वाभाविक आशंका है कि यह हमला इसी की कड़ी हो सकता है। मगर यूक्रेन ने इस हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया, वहीं खबरों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एक खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। अब आगे की व्यापक पड़ताल के बाद ही पता लगाया जा सकेगा कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है और उसका मकसद क्या था। हैरानी है कि रूस के जिन इलाकों को सबसे सुरक्षित माना जाता रहा है, वहां भी आतंकियों ने बर्बर हमला करके एक तरह से बड़ी चुनौती पेश की है। इस संदर्भ में अमेरिका का कहना है कि उसने रूस में ऐसे हमले की आशंका जताई थी, लेकिन लगता है कि रूस ने उस पर गौर नहीं किया। पिछले कुछ दशकों में दुनिया ने जिस तरह का आतंकवाद देखा है, उसके मद्देनजर अगर कहीं से केवल आशंका ही जाहिर की जाती या खुफिया सूचना मिलती है तो उसके बाद सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि शायद किसी आतंकी हमले को रोका जा सके। आतंकवादी संगठनों की कार्यशैली से दुनिया परिचित है कि उनका मकसद सिर्फ मानवता के विरुद्ध आतंक फैलाना है, भले इसके लिए अनगिनत निर्दोष लोगों, यहां तक कि मासूम बच्चों का भी कत्लेआम करना पड़े। असली चुनौती सरकारों के लिए है कि वे तमाम संसाधनों और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद ऐसे आतंकी हमलों को रोक पाने में कैसे चूक जाती हैं। आतंकवाद को खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस और साझा प्रयास की जरूरत है।

**अर्ज किया है..!**

*सिर्फ़ अल्फ़ाज़ पे मौक़ूफ़*
*नहीं लुत्फ़-ए-सुख़न*
*आँख ख़ामोश अगर है तो*
*ज़बाँ कुछ भी नहीं*

*-मुग़ीसुद्दीन फ़रीदी*



**यदि आप परिवर्तन का विरोध करते हैं, तो आप जीवन का विरोध करते हैं।**

**-सद्गुरू जग्गी वासुदेव**

## ज्ञान-विज्ञान

### Total Solar Eclipse

# 8 अप्रैल को सूर्यग्रहण की वजह से बढ़ जाएंगे कार हादसे... वैज्ञानिकों ने दी अजीबोगरीब चेतावनी





8 अप्रैल 2024 को अमेरिका के बड़े हिस्से में पूर्ण सूर्यग्रहण दिखने वाला है. लेकिन इसे लेकर वैज्ञानिकों ने हैरान करने वाली चेतावनी जारी की है. आमतौर पर ग्रहणों में आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सामने आती हैं. लेकिन सड़क हादसों में इजाफे की बात समझ में नहीं आती.

पिछली बार 2017 में पूर्ण सूर्यग्रहण हुआ था. जिसे ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स ऑफ 2017 (Great American Eclipse of 2017) कहते हैं. इस दिन कम समय के लिए लेकिन सड़क हादसों में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी. वैज्ञानिकों ने उसकी स्टडी करके अपनी रिपोर्ट JAMA Internal Medicine में प्रकाशित कराई है.

यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मेडिसिन के प्रोफेसर और इस रिपोर्ट के सह-लेखक डॉ. डोनाल्ड रीडेलमीयर ने कहा कि पूर्ण सूर्यग्रहण के एक घंटे के दौरान, दिन में अचानक कम होने वाली रोशनी और फिर अचानक अंधेरा होने से सड़कों पर हादसे नहीं होते हैं. हादसे उसके पहले और बाद के घंटों में होते हैं.

### पाथ ऑफ टोटैलिटी में होते हैं हादसे

डॉ. रीडेलमीयर ने कहा कि आमतौर पर हादसे सूर्यग्रहण के बाद वाले घंटों में ज्यादा देखने को मिलते हैं. 2017 में सूरज के पाथ ऑफ टोटैलिटी यानी जमीन के जिस हिस्से पर अंधेरा रहता है. यह 113 किलोमीटर चौड़ा था. इस पाथ के मध्य में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा समय तक अंधेरे का सामना करना पड़ा था. करीब 2 करोड़ अमेरिकी लोगों ने पाथ ऑफ टोटैलिटी को देखा. 8 अप्रैल 2024 को पाथ ऑफ टोटैलिटी ढाई से साढ़े चार मिनट देखने को मिलेगा. यह उनके लोकेशन पर निर्भर करता है. इस बाउंड्री के बाहर के लोगों को पूर्ण सूर्यग्रहण देखने को नहीं मिलेगा.

**सूर्यग्रहण के बाद बढ़ जाते है एक्सीडेंट्स-** डॉ. रीडेलमीयर और उनके साथी डॉ. जॉन स्टैपल्स ने 2017 में सूर्य ग्रहण के पहले और बाद के घंटों में हुए हादसों की स्टडी की. सिर्फ इतना ही नहीं. उन्होंने सूर्य ग्रहण के तीन दिन पहले और तीन दिन बाद के आंकड़ों को उठाया. पता चला कि सड़क हादसों मे 31 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. रोशनी में अचानक होने वाला बदलाव भी हादसों की वजह बनती है.

2017 में सूर्य ग्रहण के बाद से हर घंटे 10.3 लोग घातक सड़क हादसों में शामिल थे. जबकि सूर्य ग्रहण से पहले हर घंटे सिर्फ 7.9 लोग कार हादसे के शिकार हुए. यानी सूर्यग्रहण के बाद हर 25 मिनट पर एक सड़क हादसा हो रहा था. जबकि हर 95 मिनट में एक एक्सट्रा बेहद घातक कार हादसा हो रहा था. हादसों की एक बड़ी वजह ये भी थी कि लोग जगह-जगह जमा होकर सूर्य ग्रहण देख रहे थे. इसकी वजह से रास्तों में कहीं-कहीं ट्रैफिक जाम लग रहा था. इस बार लोगों से अपील की गई है कि सूर्यग्रहण के समय अगर उसे देखना है तो सुरक्षित स्थान पर खड़े होकर देखें. कार न चलाएं. सिग्नलों पर ध्यान दें. सीट बेल्ट्स लगाएं.

## Highlights

1. 'Cheated by Uber driver using fake screenshot of fare,' claims Delhi man; shares pics
2. ED Seizes ₹2.54 Cr Cash Concealed in Washing Machine During Raids
3. Weather update: Rainfall and snowfall across India
4. ED conducts searches in money laundering probe
5. Daughter of Nepal Mayor 'missing' in Goa, search on
6. Spotted UFOs near Tamil Nadu nuclear plant 10 times in August last year: Police officer
7. PM Modi pays tribute to Swami Smarananda of Ramakrishna Mission

# Power cuts and no Wi-Fi? Annoying problem and its straightforward solution

**NEW DEIHI, (Agency).** Uninterrupted internet connectivity shouldn't be too complicated. One of the biggest irritants to working remotely, streaming a sports match or be in the midst of a video call, is a power cut that can break web connectivity for a while at least. At least, till your Wi-Fi router can restart. The corrective measure would involve a UPS, or uninterrupted power supply, that can provide power to the internet modem or router, till the electricity supply can resume. This is where you'll face a complication and eventually discover a simpler, new-age solution.

For most of us, a UPS means the traditional 600va (that's the minimum capacity for traditional UPS) or 1000va UPS. Fairly hefty in size too. These tend to cost a lot more as well – upwards of ₹2,500 for a good 600va UPS while the 1000va ones can set you back by around ₹6,000. There are even 2000va ones available now at a significant premium. But for a modem or router,




these are likely an overkill. Often, a router's load is so little, the higher capacity UPS don't even detect its minimal power consumption. A simpler solution for this problem, that's been amplified in the hybrid working era, is the evolution of mini-UPS.

Also called router UPS. As the name suggests, they're fit for purpose, with typically a smartphone sized battery. For instance, the Oakter Router UPS has a 2,000mAh battery, while Ambrane's Mini UPS has a 6,000mAh battery capacity. However, larger capacity sizes don't necessarily mean more usable hours, because that'll depend on consumption specifics too.

Here's a tip, for something you may not have realised. Many of us have a modem + router combination, where a more powerful Wi-Fi router is paired with the internet service provider's (ISP) modem or GPON (Gigabit Passive Optical Network; if yours is a fiber broadband line), which often is very restricted in terms of Wi-Fi range. Theoretically, you should buy a mini-UPS for each (which means two UPS), but there is a simple trick to use one for both devices and avoid wastage. A simple search on Amazon or Flipkart (or ask a neighbourhood electronics shop) for a 'DC power Y splitter cable 1 female to 2 make plug', yields the results. This is crucial flexibility, to power a modem alongside a router, with one UPS.

# Kalyani family dispute escalates: Baba Kalyani's niece, nephew move court over family assets partition

**NEW DEIHI, (Agency).** The family dispute between Bharat Forge Chairman Baba Kalyani and his younger sister Sugandha Hiremath worsened after Baba Kalyani's nephew, Sameer Hiremath and niece Pallavi Anish Swadi filed a case against him and his family in the Pune Sessions court seeking partition of family assets. These include shares of several listed and private limited companies under the Kalyani Group: Bharat Forge, Kalyani Steels Limited and Kalyani Consultants. Sameer Hiremath and Pallavi Anish Swadi have a share in Kalyani Hindu Undivided Family (HUF)



assets, they said. The duo are also seeking partition of several assets owned by the group, which is spearheaded by Baba Kalyani. What have Sameer Hiremath and Pallavi Anish Swadi demanded? As per the petition, they have demanded that all businesses which were commenced with investments made from the nucleus of the joint family headed by Annappa Kalyani (father of Neelkanth Kalyani and grandfather of Baba Kalyani), constituted the properties of the joint family. Annappa N Kalyani (ANK) was the "Karta of and manager of the Joint Hindu family, comprising himself, his first wife namely, Parvati Annappa Kalyani, second wife Akutai Annappa Kalyani and his son Neelkanth Annappa Kalyani," the petition noted.

# माली ने पत्नी को मार डाला

## चरित्र शंका में चाकू से किए वार, खुद थाने पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। महिला को देर रात अस्पताल ले जाया गया। मामले में पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लिया है, जो एक विधायक की होटल में माली का काम करता है। पुलिस के मुताबिक घटना लसूडिया थाना इलाके की है। दीपा वर्मा (36) को उसके पति शेलेन्द्र ने ही चाकू मारा है। महिला की मौत मंगलवार रात लगभग तीन बजे हुई है।**




शेलेन्द्र बीजेपी विधायक की फालगुनी होटल का कर्मचारी है। वह रात 11 बजे घर पहुंचा। पत्नी से उसका विवाद हो गया। रात 1 बजे के आसपास उसने पत्नी को 12 बार से अधिक चाकू घोंपा। महिला की चीख सुनकर उसकी दोनों बेटियां जग गई। उन्होंने शोर मचाया। लेकिन मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा।

बेटियों ने अपने मामा धीरज को कॉल किया। वह घर पहुंचे। बहन को रात 3 बजे एमवाय ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मृतिका के भाई ने बताया कि शेलेन्द्र चरित्र को लेकर शंका करता था। इसी बात को लेकर आए दिन दोनों के बीच में विवाद होते थे।

शेलेन्द्र वर्मा को होटल की तरफ से सर्वेंट क्वार्टर मिले हैं। वह यहां माली का काम करता था। यहीं पर उसने पत्नी की हत्या की है। दोनों की शादी को 14 साल हो गए हैं। बड़ी बेटी 13 साल और छोटी बेटी 6 साल की है। विवाद के पीछे आपसी कहासुनी बताई जा रही है। शेलेन्द्र रात में थाने पहुंचा और अपने आप को सरेंडर कर दिया। पुलिस शेलेन्द्र से हत्या को लेकर पूछताछ कर रही है।

# सड़क हादसे में तेंदुए के बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र में आने वाले इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर एक तेंदुए की हादसे में मौत हो गई। मामले की जानकारी लगते ही सिमरोल पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को पूरे मामले की जानकारी दी।**

सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बाबा चौपाटी के पास तेंदुआ के बच्चे का एक्सीडेंट हो गया था, कोई अज्ञात वाहन तेंदुए को मार कर निकल गया था। मौके पर ही तेंदुए की मृत्यु को गई वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद हैं। इस क्षेत्र में वन्य जीव का मूवमेंट लगातार बना रहता है। इसके पहले भी आईआईटी सिमरोल में तेंदुए का मूवमेंट नजर आ चुका है। इसके साथ ही इन दिनों इंदौर इच्छापुर हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण यहां पर ब्लास्टिंग भी हो रही है। संभवतः ब्लॉस्टिंग के चलते ही तेंदुए का बच्चा रोड पर आया होगा, जो हादसे का शिकार हो गया। फिलहाल पूरे मामले में वन विभाग के किसी भी अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका, क्योंकि घाट क्षेत्र में नेटवर्क नहीं मिलते हैं।

# क्राइम ब्रांच ने गुजरात से नकली नागा साधु को पकड़ा

## 700 कैमरे तलाशे तब पहुंची पुलिस आरोपी तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तंत्र किया कर आशीर्वाद देने के नाम पर लूट कर फरार होने वाले नागा साधु को आखिरकार क्राइम ब्रांच ने गुजरात से धरदबोचा। मंगलवार शाम उसे एरोड्रम पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। नागा साधु वारदात करने के बाद अपने घर पर रूका हुआ था। पुलिस पीछा करते हुए यही पहुंची ओर उसे पकड़ा। आरोपी पर गुजरात में भी करीब आधा दर्जन से अधिक मामले इसी तरह के दर्ज है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने गुजरात के खेडा से किशन नाथ (27)को पकड़ा है। उसके साथी प्रकाश को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिससे अब एरोड्रम थाने की पुलिस कार ओर माल की जब्ती कर रही है। किशन नाथ् ने ही नागा साधु बनकर इंदौर के एरोड्रम में दो वारदातें की। इसके बाद वह हातोद,देपालपुर होते हुए गुजरात चले गया। पुलिस करीब 700 से ज्यादा कैमरो की लोकेशन तलाशते हुए आरोपी के पीछे पहुंची ओर खेड़ा से आरोपी को दबोच लिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि किशन नाथ पहले भी ऐसे मामलो में जेल जा चुका है।

किशन नाथ तंत्र मंत्र की क्रियाएं करता है। इसके साथ यह इसी तरह की ठगी की वारदातें करने लगा। इंदौर में पहली बार इसका मूवमेंट रहा। जिस दिन उसने रेडियो में पदस्थ एएसआई गोपाल बडे के साथ वारदात की। उसी दिन बीएसएफ के रिटायर्ड टीआई चंद्रपाल सिंह तोमर के साथ पहली वारदात की। टीआई तोमर भी सुबह मार्निग वॉक पर निकले। तब सुपर कॉरीडार तालाब के पास किशन नाथ ने उसे आवाज देकर रोका। तब बात करने के बहाने कहां कि आपके दो बच्चे है। आप खुश रहो ओर मुझे 10 का नोट दे दो। उसे अभिमंत्रित कर कहां कि इसे घर पर रख देना। तुम्हारी तबीयत ठीक रहेगी। इसके बाद अंगूठी मांगी। रिटायर्ड टीआई ने अंगूठी नही दी। इसके बाद घडी ओर कड़ा मांगा। बातचीत के दौरान उसने दोनो चीजे छीनी ओर कार सहित भाग गया। इसके बाद टीआई डरे हुए से घर पहुंचे। बाद में टीआई राजेश साहू को पहुंचकर पूरी बात बताई। लेकिन पुलिस ने मामले में आरोपियों के पकड़ाने की जानकारी लगने के बाद दूसरी एफआईआर दर्ज की। आरोपी किशन नाथ ने पूरे शरीर को गुदवाया हुआ है। जिसमें उल्टे हाथ पर उसने हर हर महादेव लिखा हुआ टैटू बनवाया है। वही दाहीने हाथ पर क्रास का टैटू बनवाए के साथ नकली बाल ओर भभूति ओर दाढ़ी भी अपने साथ रखता था। पुलिस ने उसके पास से वेशभूषा भी जब्त कर ली है।

# छात्रा को घर में घुसकर किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अन्नपूर्णा इलाके में धुलेंडी के दिन विवाद का मामला सामने आया, जिसमें रंग लगाने का विरोध करने वाली एक छात्रा को युवकों ने घर में घुसकर पीटा। सिर में टामी भी मार दी। पुलिस ने मामले में तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरप्तार किया। पुलिस ने बताया कि महावर नगर में रहने वाली छात्रा की शिकायत पर निर्मल राजोरिया, हिमांशु गढवाल और बिट्टू के खिलाफ छेड़छाड़ सहित मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। सोमवार शाम को छात्रा घर के आगे के कमरे में बैठी थी तभी आरोपी घर में आए और उसे रंग लगाने लगे। छात्रा ने विरोध किया तो उसे गाली गलौज करते हुए हुए बेल्ट से पीटा। बिट्टू ने लोहे की टामी से छात्रा का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की।

# बच्ची से झोपड़ी में दुष्कर्म, दूसरी घटना में नाबालिग छात्रा से हरकत

**इंदौर।** बडग़ोंदा इलाके में एक बच्ची के साथ उसकी झोपड़ी में रेप की घटना हुई। वहीं पलासिया इलाके में नाबालिग छात्रा के साथ हरकत की गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। बडग़ोंदा पुलिस ने आरोपी महेश निवासी पिपरियापानी बाग जिला धार हाल पातालपानी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। 15 साल की किशोरी ने उसके खिलाफ शिकायत की है। पीडित़ा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी झोपड़ी में सो रही थी तभी रात के समय आरोपी महेश घुस गया और उसका मुंह बांधकर उसके साथ जबरदस्ती की है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। उधर, पलासिया इलाके में आरोपी ने सरेराह छात्रा से हरकत की और उसने विरोध किया तो मारपीट भी की। पलासिया थाने में 17 वर्षीय किशोरी की शिकायत पर आरोपी आशीष अवस्थी,तीन इमली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पीडित़ा ने बताया कि पलासिया बस स्टॉप से वह कोचिंग सेंटर जा रही थी, रास्ते में आरोपी ने उसे रोका और दोस्ती करने को कहा। मना किया तो उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। आरोपी लगातार उसके मोबाइल पर कॉल कर उसे परेशान भी कर रहा है।




# लड़की ने लड़के को बेल्ट से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक लडक़ी द्वारा लडक़े को बेल्ट से पीटने का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बताया जाता है कि लडक़ा छोटी बहन के साथ घूम रहा था। बड़ी बहन ने देखा तो आपत्ति ली और बेल्ट से उसकी पिटाई करने लगी। सूचना पर सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। लडक़ी की मां भी थाने आ गई थी। सदर बाजार थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्ष एक दूसरे को जानते हैं। थाने पर दोनों पक्षों ने लिखकर दिया है कि वो कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इसके बाद सभी को थाने से रवाना कर दिया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक